Need to establish a Handicraft Training Institute at Harnatand in Valmikinagar Parliamentary Constituency, Bihar-Laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) : मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वाल्मीकिनगर के हरनाटांड में हस्तशिल्पकार केंद्र की स्थापना के सम्बन्ध में आकृष्ट कराना चाहता हूँ I मेरे संसदीय क्षेत्र मे थारू तथा उराँव जन जाति के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं । ये लोग अधिकांश जंगल से घिरे भू-भाग में रहते हैं तथा अपनी आजीविका के लिए तरह -तरह के संसाधनों पर निर्भर रहते हैंI थारू तथा उराँव समाज की महिलाएँ हस्तशिल्प कला के क्षेत्र में अधिक अनुभवी हैं तथा इस क्षेत्र में अपना अहम् योगदान कर सकती हैं I इस समाज की बेटियां तथा महिलाएँ अपने पूर्वजों द्वारा सिखाई गई कला पर ही निर्भर हैं I यदि इनकी कला को दिखाने हेतु जरुरी कदम उठाए जायें तो ये बेटियां तथा महिलाएँ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं तथा इससे जनजातीय क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे I अतः मैं माननीय मंत्री जी से यह मांग करता हूं कि वाल्मीकिनगर लोकसभा अंतर्गत थरुहट की राजधानी के नाम से प्रसिद्ध हरनाटांड में एक हस्तशिल्प प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना यथा शीघ्र की जाये I